Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take stringent action against people involved in business of adulterated food items

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): महोदया, आज देश में सब्जी और फल आदि पर कीटनाशकों के अधिक प्रयोग से किसान पैदावार बढ़ाकर अधिक मुनाफा कमाने की होड़ में है, लेकिन शरीर को स्वस्थ व जवान बनाए रखने के लिए प्रयोग हो रहे फल व सब्जियों का असर मानव जीवन पर विपरीत पड़ रहा है। कीटनाशक से प्रभावित सब्जी या फल फायदे से अधिक शरीर को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पेस्टिसाइड युक्त फल और सब्जी खाने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं। कभी जहां हमारे देश में दूध की नदियां बहा करती थीं, अब वहां हर चीज में मिलावट का आलम है तथा दूध भी इससे अछूता नहीं रहा है। मिलावटी खान-पान स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि किसान और जो लोग लोभ के कारण मिलावटी वस्तुएं बेचने के काले कारोबार में जुटे हुए हैं, उन पर सख्त कार्रवाई से इस पर तत्काल पाबंदी लगाई जाए।